Amar Ujala 19/05/2014

हरियाणा के स्कूलों में शुरू एप्लाइड स्किल्स योजना

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को रोजगारपरक दक्ष बनाने के लिए 'एप्लाइड स्किल्स' नामक योजना सरकार से सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में शुरू की है। प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के तहत वर्तमान में 240 राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को कवर किया गया है। इनमें कुल 7 कौशल कार्यक्र्रमों में से दो कौशल कार्यक्रमों को शुरू किया गया है। सात कौशल कार्यक्रमों में- रिटेल, ऑटो मोबाइल, सुरक्षा, आईटी, ब्यूटी एंड वैलनेस, मरीज देखभाल सहायक व शारीरिक शिक्षा तथा खेल शामिल हैं। योजना में हाल ही में किए गए बदलाव के अनुसार, सभी सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त स्कूलों में वोकेशनल शिक्षा शुरू करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा जोकि राष्ट्रीय वोकेशनल शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क की शुरूआत में भागीदारी को सुनिश्चित करना है। योजना के अनुसार दिए गये मापदंडों के अनुरूप सरकार से सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा कोर्स के दो स्तर सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद 6500 रुपये प्रति बच्चा का अनुदान जारी करना प्रस्तावित है।